प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। श्री मोदी ने दुनिया से भारत में आकर निवेश करने और भारत की युवा शक्ति पर विश्वास करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने पेरिस में एआई एक्शन समिट में गूगल के सीईओ सुंदर पिचई से मुलाकात के बाद ये टिप्पणी की। श्री पिचई ने इस मुलाकात को आशाजनक बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पिचई ने कहा कि एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और उन तरीकों पर चर्चा की गई, जिनसे भारत के डिजिटल परिवर्तन पर मिलकर काम किया जा सकता है।

00000

देश आज आर्य समाज के संस्थापक और समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती को उनकी जयंती पर श्रद्धाभाव से याद कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में उनका स्मरण करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को पुनर्जीवित किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि स्वामी जी के विचार युगों, युगों तक सभी को राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। आज संत रविदास की जयंती भी है। वे 14वीं सदी के महान संत थे। उनकी जयंती मनाने के लिए अनुयायी हर वर्ष माघ पूर्णिमा पर वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में एकत्र होते हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संत रविदास को नमन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उनके विचारों में निहित सत्य, करूणा और मानवीय गरिमा का संदेश हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा।

00000

अजमेर शहर में स्थित 113 साल पुराना किंग एडवर्ड मेमोरियल अब महर्षि दयानन्द विश्रान्ति गृह संस्थान कहलायेगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पिछले दिनों अजमेर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में इसकी घोषणा की थी। गौरतलब है कि किंग एडवर्ड सप्तम मेमोरियल रेस्ट हाऊस सोसायटी का भवन सन् 1912–1913 में अजमेर आने वाले जायरीन और पुष्कर जाने वाले धार्मिक यात्रियों को सस्ती दर पर प्रवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया था।

0000

जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने विद्यार्थियों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया है। दीपिका पादुकोण परीक्षा पे चर्चा–2025 के दूसरे भाग के दौरान आज विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विद्यार्थी परिवार और दोस्तों के साथ खुलकर बात करें। सुश्री पादुकोण ने कहा कि अच्छी नींद और पर्याप्त धूप बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है तो हमेशा उसकी मदद करनी चाहिए।

00000

सीकर के खंडेला रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसे में कार सवार दम्पत्ति की मृत्यु हो गई और तीन बच्चों सहित 6 लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ये दुर्घटना कार के डिवाईडर से टकराकर पलट जाने से हुई। ये सभी लोग आगरा से खाटूश्याम जी दर्शन करने जा रहे थे। उधर कल चूरू के रतनगढ़ में देर शाम सड़क हादसे में तीन लोगों मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना कार और ट्रक के टकरा जाने से हुई। कार में सवार तीनों लोग एक ही परिवार के थे। कल देर रात एक अन्य हादसे में पाली के देसूरी की नाल के पंजाब मोड़ पर एक बस के पलट जाने से 27 लोग घायल हो गए।

00000

माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है। लोग पवित्र सरोवरों और जल स्त्रोतों पर स्नान, दान और ध्यान कर रहे हैं। अजमेर के पुष्कर सरोवर स्थित जयपुर घाट पर शाम को महाआरती की जायेगी। उधर डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम पर आज मुख्य मेला भर रहा है। सोम, माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। उधर करौली में आज से महाशिवरात्रि पशु मेला शुरू हो रहा है। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन ने मेले में आने वाले पशुपालक और व्यापारियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की है।

-----

00000